उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)
मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ
ई-मेल : hajcommittee.up@gmail.com, shcuplko@rediffmail.com
वेबसाइट: hajcommittee.up.gov.in

पत्रांक : जी-।।/282/एस0एच0सी/2026 दिनांक : 04.07.2026

–:प्रेस विज्ञप्ति :–

हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई ने सकुर्लर–42 दिनांक 03 जुलाई, 2026 जारी किया है जिसमें हज–2026 के हज यात्रियों को सर्कुलर–39 दिनांक 28 अप्रैल, 2026 के क्रम में तत्समय मध्य पूर्व में संकट से उत्पन्न असाधारण परिस्थितियों के दृष्टिगत अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हवाई किराये में संशोधन करते हुए प्रत्येक हज यात्री को अंतर राशि रु 10.00 हज़ार (रुपए दस हज़ार) 15 मई, 2026 तक जमा करने के निर्देश दिये गये थे।

हज–2026 की वापसी उड़ानें अब समाप्त हो चुकी हैं, परन्तु अभी तक बहुत से हज यात्रियों द्वारा हवाई किराये की शेष धनराशि जमा नहीं की गयी है। ऐसे हज यात्रियों से जिन्होंने अभी तक हवाई किराये की शेष धनराशि जमा नहीं की है उनको निर्देश दिये गये हैं कि प्रत्येक दशा में 13 जुलाई, 2026 तक शेष धनराशि निर्धारित पे–इन–स्लिप पर स्टेट बैंक आफ इण्डिया या यूनियन बैंक आफ इण्डिया में हज कमेटी आफ इण्डिया के बैंक खाते में अपना बैंक रेफरेंस नम्बर अंकित करते हुए जमा करा दें। बैंक रेफरेंस नम्बर हज कमेटी आफ इण्डिया की वेबसाइट hajcommittee.gov.in पर उपलब्ध हैं।

Digitally signed by
MOHD TARIQ
Date: 04-07-2026
14:37:30

(मोहम्मद तारिक़)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी को अवगतार्थ।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज को मा0 मंत्री जी को अवगतार्थ।
3. मा0 अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य हज समिति, लखनऊ।
4. मा0 सदस्यगण, उ0प्र0 राज्य हज समिति, लखनऊ।
5. प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 शासन।
6. निदेशक, उ0प्र0 अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
7. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0 ।
8. समस्त ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।
9. समस्त स्टेट हज इंस्पेक्टर / समस्त ट्रेनर, उ0प्र0 ।
10. समस्त ट्रेनिंग सेन्टर/ई–सुविधा केन्द्र, उ0प्र0
11. सूचना अधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0।

(मोहम्मद तारिक़)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी